चण्डीगढ़ केसरी 10/9/2026

131 यूनिट ब्लड डोनेट कर लाला जी को रक्तदाताओं ने दी श्रद्धांजलि

अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 45वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में लगाए गए रक्तदान शिविर

जी.जी.डी.एस.डी. सैक्टर-32 में 50 यूनिट एकत्रित

चंडीगढ़, 9 सितंबर (आशीष): अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 45वीं पुण्यतिथि के मौके पर पंजाब केसरी चंडीगढ़ द्वारा सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कालेज (जी.जी.डी.एस.डी.) में विश्वास फाऊंडेशन पंचकूला के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान 50 यूनिट एकत्रित किया गया। रक्तदान करने के लिए 120 के करीब डोनर्स शिविर में पहुंचे थे, परंतु खून की कमी और शरीर पर टैटूज की वजह से रक्तदान नहीं कर सके।

शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सैक्टर-32 एस.डी. कालेज के वित्त सचिव व पूर्व पार्षद जतिंदर भाटिया ने कहा कि अमर शहीद लाला जगत नारायण जी के जीवन से सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए। उनके बलिदान के कारण ही देश में प्यार और भाईचारे की मिसाल देखने को मिल रही है। रक्तदान करने का सरल कार्य कई लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि रक्तदाताओं और समुदाय को भी कई लाभ पहुंचाता है।

डा. अजय शर्मा

एस.डी. कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने कहा कि अमर शहीद लाला जगत नारायण जी ने अमन और शान्ति के लिए बलिदान दिया है, जिसे कभी भी भूला नहीं जा सकता। एक बार रक्तदान करने पर रक्तदाता 3 लोगों की जान बचा सकता है। सर्जरी, कैंसर के उपचार, वंशानुगत बीमारियों और गंभीर चोटों के लिए रक्त आवश्यक है। मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अस्पतालों को लगातार रक्त की आपूर्ति की आवश्यकता होती है।

रक्तदाता दूसरों के जीवन की रक्षा करता है

एस.डी. कालेज स्टूडैंट काऊंसिल के उपाध्यक्ष तुषार मेहरा ने कहा कि दुर्घटनाओं या प्राकृतिक आपदाओं जैसी आपात स्थितियों में, रक्त की उपलब्धता जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर भर सकती है। रक्त की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करती है कि रोगियों को समय पर रक्त मिले, जिससे उनकी स्थिति स्थिर हो सकती है और उनके बचने की संभावना बढ़ सकती है। रक्तदान करने से ज्यादा हौसला बढ़ाना भी अहम जिम्मेवारी है।

विश्वास फाऊंडेशन पंचकूला से सरल विश्वास ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। एक रक्तदाता दूसरों के जीवन की रक्षा करता है। खून के विकारों की बीमारियों से जूझने वाले पेशेंट्स के लिए खून की हर बूंद का रक्तदान रामबाण तुल्य है। अगर पेशेंट्स को समय पर रक्त ना मिले तो उनके जीवन को खतरा हो सकता है।

उनका कहना है कि हर बार की तरह इस दफा भी उनकी संस्था इस नेक काम में अपना योगदान दे रही है।

सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कालेज में विश्वास फाऊंडेशन पंचकूला और पी.जी.आई. के डॉक्टरों की टीम को सम्मानित किया गया। (संजय कुर्ल)

सैक्टर-32 एस.डी. कालेज के वित्त सचिव व पूर्व पार्षद जतिंदर भाटिया मुख्यतिथि के तौर पर पहुंचे और रक्तदाताओं को सम्मानित किया। (संजय कुर्ल)

सैक्टर-32 एस.डी. कालेज में आयोजित रक्तदान शिविरि में रक्तदाता को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देते हुए। (कुर्ल)

ਜਗਬਾਣੀ 10|9|2026

131 ਯੂਨਿਟ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰ ਕੇ ਲਾਲਾ ਜੀ ਨੂੰ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੇ ਦਿੱਤੀ ਸ਼ਰਧਾਂਜਲੀ

ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਦੀ 45ਵੀਂ ਬਰਸੀ ਮੌਕੇ ਲੱਗੇ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ

ਜੀ.ਜੀ.ਡੀ.ਐੱਸ.ਡੀ. ਸੈਕਟਰ-32 'ਚ 50 ਯੂਨਿਟ ਖ਼ੂਨ ਇਕੱਤਰ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 9 ਸਤੰਬਰ (ਅਸ਼ੀਸ਼): ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਦੀ 45ਵੀਂ ਬਰਸੀ ਮੌਕੇ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਗਰੁੱਪ ਵੱਲੋਂ ਸੈਕਟਰ-32 ਸਥਿਤ ਗੋਸਵਾਮੀ ਗਣੇਸ਼ ਦੱਤ ਸਨਾਤਨ ਧਰਮ ਕਾਲਜ (ਜੀ.ਜੀ.ਡੀ.ਐੱਸ.ਡੀ.) 'ਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਫਾਊਂਡੇਸ਼ਨ ਪੰਚਕੂਲਾ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਲਾਏ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ ਦੌਰਾਨ 50 ਯੂਨਿਟ ਖ਼ੂਨ ਇਕੱਠਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਨ ਲਈ ਕਰੀਬ 120 ਡੋਨਰ ਕੈਂਪ 'ਚ ਪਹੁੰਚੇ ਸਨ ਪਰ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਕਮੀ ਤੇ ਸਰੀਰ 'ਤੇ ਟੈਟੂ ਹੋਣ ਕਾਰਨ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ। ਕੈਂਪ ਦੌਰਾਨ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਵਜੋਂ ਪਹੁੰਚੇ ਸੈਕਟਰ-32 ਐੱਸ.ਡੀ. ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿੱਤ ਸਕੱਤਰ ਤੇ ਸਾਬਕਾ ਕੌਂਸਲਰ ਜਤਿੰਦਰ ਭਾਟੀਆ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਦੇ ਜੀਵਨ ਤੋਂ ਸਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਿੱਖਿਆ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਲੀਦਾਨ ਕਾਰਨ ਹੀ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਪਿਆਰ ਤੇ ਭਾਈਚਾਰੇ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਦੇਖਣ ਨੂੰ ਮਿਲ ਰਹੀ ਹੈ। ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਨ ਦਾ ਸਰਲ ਕੰਮ ਕਈ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਜੀਵਨ 'ਤੇ ਡੂੰਘਾ ਪ੍ਰਭਾਵ ਪਾਉਂਦਾ ਹੈ। ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਨਾ ਸਿਰਫ਼ ਜੀਵਨ ਬਚਾਉਂਦਾ ਹੈ ਸਗੋਂ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ ਤੇ ਸਮਾਜ ਨੂੰ ਵੀ ਕਈ ਲਾਭ ਪਹੁੰਚਾਉਂਦਾ ਹੈ।

ਐੱਸ.ਡੀ. ਕਾਲਜ ਦੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਅਜੈ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਜੀ ਨੇ ਅਮਨ ਅਤੇ ਸ਼ਾਂਤੀ ਲਈ ਬਲੀਦਾਨ ਦਿੱਤਾ ਹੈ, ਜਿਸ ਨੂੰ ਕਦੇ ਵੀ ਭੁਲਾਇਆ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਇਕ ਵਾਰ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਨ ਨਾਲ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ ਤਿੰਨ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਜਾਨ ਬਚਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਸਰਜਰੀ, ਕੈਂਸਰ ਦੇ ਇਲਾਜ, ਵੰਸ਼ਾਨੁਗਤ ਬਿਮਾਰੀਆਂ ਅਤੇ ਗੰਭੀਰ ਸੱਟਾਂ ਦੇ ਇਲਾਜ ਲਈ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰਤਾਂ ਪੂਰੀਆਂ ਕਰਨ ਲਈ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਨੂੰ ਲਗਾਤਾਰ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ।

ਡਾ. ਅਜੈ ਸ਼ਰਮਾ.

ਦੂਜਿਆਂ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਕਰਦਾ ਹੈ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ

ਐੱਸ.ਡੀ. ਕਾਲਜ ਸਟੂਡੈਂਟ ਕੌਂਸਲ ਦੇ ਉਪ-ਪ੍ਰਧਾਨ ਤੁਸ਼ਾਰ ਮਹਿਰਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਹਾਦਸਿਆਂ ਜਾਂ ਕੁਦਰਤੀ ਆਫ਼ਤਾਂ ਵਰਗੀਆਂ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਸਥਿਤੀਆਂ ਵਿਚ, ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਉਪਲਬਧਤਾ ਜੀਵਨ ਅਤੇ ਮੌਤ ਵਿਚਕਾਰ ਦਾ ਫ਼ਰਕ ਭਰ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਤੁਰੰਤ ਉਪਲਬਧਤਾ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਉਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਸਮੇਂ ਸਿਰ ਖ਼ੂਨ ਮਿਲੇ, ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਸਥਿਰ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਤੇ ਬਚਣ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਵੱਧ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕਰਨ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੌਸਲਾ ਵਧਾਉਣਾ ਵੀ ਅਹਿਮ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਹੈ। ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਫਾਊਂਡੇਸ਼ਨ ਪੰਚਕੂਲਾ ਤੋਂ ਸਰਲ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਇਕ ਮਹਾਦਾਨ ਹੈ। ਇਕ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀ ਦੂਜਿਆਂ ਦੇ ਜੀਵਨ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਖ਼ੂਨ ਦੀਆਂ ਬਿਮਾਰੀਆਂ ਨਾਲ ਜੂਝ ਰਹੇ ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਲਈ ਖ਼ੂਨ ਦੀ ਹਰ ਬੂੰਦ ਦਾ ਦਾਨ ਰਾਮਬਾਣ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਮਰੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਸਮੇਂ ਸਿਰ ਖ਼ੂਨ ਨਾ ਮਿਲੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਜੀਵਨ ਨੂੰ ਖ਼ਤਰਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਹਰ ਵਾਰ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਵਾਰ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸੰਸਥਾ ਇਸ ਨੇਕ ਕਾਰਜ 'ਚ ਆਪਣਾ ਯੋਗਦਾਨ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ।

ਸੈਕਟਰ-32 ਸਥਿਤ ਗੋਸਵਾਮੀ ਗਣੇਸ਼ ਦੱਤ ਸਨਾਤਨ ਧਰਮ ਕਾਲਜ 'ਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਫਾਊਂਡੇਸ਼ਨ ਪੰਚਕੂਲਾ ਤੇ ਪੀ.ਜੀ.ਆਈ. ਦੇ ਡਾਕਟਰਾਂ ਦੀ ਟੀਮ ਨੂੰ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। (ਕੁਲ)

ਐੱਸ.ਡੀ. ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿੱਤ ਸਕੱਤਰ ਤੇ ਸਾਬਕਾ ਕੌਂਸਲਰ ਜਤਿੰਦਰ ਭਾਟੀਆ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਵਜੋਂ ਪਹੁੰਚੇ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੂੰ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ। (ਕੁਲ)

ਸੈਕਟਰ-32 ਐੱਸ.ਡੀ. ਕਾਲਜ 'ਚ ਲਾਏ ਗਏ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ ਦੌਰਾਨ ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਪੱਤਰ ਤੇ ਯਾਦਗਾਰੀ ਚਿੰਨ੍ਹ ਭੇਟ ਕਰਦੇ ਹੋਏ। (ਕੁਲ)